University in News on 09 August 2023

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू में रिकॉर्ड समय में रिजल्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत कई विषयों के परिणाम घोषित किए गए हैं। इसमें बीएससी व एलएलबी त्रिवर्षीय का रिजल्ट रिकॉर्ड समय में जारी किया गया है। एलयू में मंगलवार को बीएससी, एलएलबी त्रिवर्षीय व बीटेक के कई विषयों के नतीजे जारी किए गए हैं। विवि ने बेहद कम समय में बीएससी व एलएलबी छठे सेमेस्टर का रिजल्ट जारी कर दिया है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति के साफ निर्देश थे कि छात्रों का भविष्य किसी तरह से अधर में न आए। जिसके लिए जल्द से जल्द रिजल्ट जारी करना बड़ी चुनौती थी।

एमकॉम कॉमर्स में च्वाइस फिलिंग शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रवेश 2023-24 के तहत एमकॉम कॉमर्स पाठ्यक्रम के लिए च्वाइस फिलिंग शुरू हो गई है। अभ्यर्थी पूर्व में जारी किए गए लॉग इन व पासवर्ड के जरिए 11 अगस्त तक च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि ऑनलाइन काउंसिलिंग व च्वाइस फिलिंग का पूरा कार्यक्रम एलयू की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर उपलब्ध है।

i-NEXT PAGE 4

प्लेसमेंट, ट्रेनिंग सेल दिलाएंगे जॉब

GOOD NEWS

लखनऊ यूनिवर्सिटी में सभी एचओडी को भेजा गया लेटर

LUCKNOW (8 Aug): लखनऊ विश्वविद्यालय के हर विभाग को अब अपनी प्लेसमेंट एंड ट्रेनिंग सेल बनानी होगी. इसकी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के विभाग वाले सेक्शन में भी देनी होगी. प्लेसमेंट ड्राइव से पहले विभागों को केंद्रीय प्लेसमेंट सेल को अनिवार्य रूप से अवगत कराना होगा. इससे सेल की ओर से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय की अनुमति के बाद केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने इस संबंध में पत्र जारी किया है.

वेबसाइट पर जानकारी दी

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट और इंटर्नशिप क्षमता और मजबूत करने के लिए विभाग स्तर पर प्लेसमेंट सेल बनाने के लिए कहा गया है. विभागों को प्रत्येक प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप (जिसमें भुगतान किया जाता हो) ड्राइव आयोजित करने के बाद उसका डेटा केंद्रीय प्लेसमेंट सेल को देना जरूरी होगा. इनमें वर्ष, प्लेसमेंट वाले विद्यार्थी का नाम, क्लास, पद, कंपनी का नाम, उसका विवरण व पैकेज की जानकारी देनी होगी. इस संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की गई है.

• कल तक देनी होगी डिटेल

प्लेसमेंट सेल ने सत्र 2022-23 के लिए अपने सभी विभागों एवं संस्थानों के प्लेसमेंट डेटा को निर्धारित प्रारूप पर 10 अगस्त तक भेजने के लिए कहा है. यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्लेसमेंट के लिए कोई भी शुल्क नहीं दिया जाता है. यदि इसमें कोई संलिप्त पाया गया तो अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा.

JAGRAN CITY PAGE III

अब हर विभाग में बनेगी प्लेसमेंट और ट्रेनिंग सेल

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के हर विभाग को अब अपनी प्लेसमेंट एंड ट्रेनिंग सेल बनानी होगी। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के विभाग वाले सेक्शन में भी देनी होगी। प्लेसमेंट ड्राइव से पहले विभागों को केंद्रीय प्लेसमेंट सेल को अनिवार्य रूप से अवगत कराना होगा। इससे सेल की ओर से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अनुमति के बाद केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने इस संबंध में पत्र जारी किया है।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट और इंटर्नशिप क्षमता और मजबूत करने के लिए विभाग स्तर पर प्लेसमेंट सेल बनाने के लिए कहा गया है। विभागों को प्रत्येक प्लेसमेंट एवं इंटर्नशिप (जिसमें भुगतान किया जाता हो) ड्राइव आयोजित करने के बाद उसका डेटा केंद्रीय प्लेसमेंट सेल को देना जरूरी होगा। इनमें वर्ष, प्लेसमेंट वाले विद्यार्थी का नाम, क्लास, पद, कंपनी का नाम, उसका विवरण व पैकेज की जानकारी देनी होगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की गई है।

कल तक देना होगा विवरण : प्लेसमेंट सेल ने सत्र 2022-23 के लिए अपने सभी विभागों एवं संस्थानों के प्लेसमेंट डेटा को निर्धारित प्रारूप पर 10 अगस्त तक भेजने के लिए कहा है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्लेसमेंट के लिए कोई भी शुल्क नहीं दिया जाता है। यदि इसमें कोई संलिप्त पाया गया तो अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।

AMRIT VICHAR PAGE 4

बीएससी, एलएलबी और बीटेक का परीक्षा परिणाम घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध कॉलेजों के बीएससी, एलएलबी और बीटेक का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीएससी, एलएलबी तीन वर्षीय, बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनयरिंग, बीटेक इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग और बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग का परीक्षा परिणाम जारी हुआ है। अभ्यर्थी परिणाम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.av.in पर देख सकते हैं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीवॉक का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लविवि ने बीवॉक सॉफ्टवेयर डवलपमेंट कोर्स के दूसरे, चौथे व छठे सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर विस्तृत कार्यक्रम देख सकते हैं। दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 अगस्त से 02 सितंबर तक होंगी। चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 अगस्त से 04 सितंबर तक चलेंगी। छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 अगस्त से 5 सितंबर तक होंगी। (संवाद)

एमकॉम के लिए च्वॉइस फिलिंग आज से

लखनऊ। लविवि में एमकॉम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी बुधवार से च्वाइस भर सकेंगे। अभ्यर्थी 11 अगस्त तक विवि के एडमिशन पेज में जाकर पूर्व में दी लॉगिन आईडी से ऐसा कर सकते हैं। (संवाद)

कई विषयों के परिणाम जारी

लखनऊ। लविवि ने सोमवार को एलएलबी व बीटेक समेत कई पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। (संवाद)